New to Canada Program

चाहे आप हाल ही में आए हों या आने की योजना बना रहे हैं, हम आपकी जल्द से जल्द यहां बसने में मदद करने के लिए हाज़िर हैं ।

New to Canada Program (कनाडा में नए प्रोग्राम) क्या है?

चाहे आप हाल ही में आए हैं या अंतर्राष्ट्रीय छात्र हैं, Affinity (एफ़िनिटी) आपके पैसे को आसानी से मैनेज करने में आपकी मदद के लिए उपलब्ध है।

योग्य सदस्यों को हमारे ख़ास प्रोडक्ट और रोज़ाना की ज़रूरी सेवाओं का अधिकार मिलता है । जैसे की बिल का भुगतान, प्रियजनों को पैसे भेजना, और ऑनलाइन या मोबाइल बैंकिंग की सुविधा। । हमारे सलाहकार आपकी वित्तीय स्थिति का ध्यान रखने के लिए और ज़िंदगी के हर पड़ाव पर आपको ज़रूरी सलाह देने के लिए समर्पित हैं।

आपको क्या क्या मिलेगा

- मैक्सिमाइज़र चेकिंग खाते पर अनलिमिटेड पैकेज सेट करने पर $400 का वेलकम बोनस।
- आपके खाते पर दो साल तक कोई बैंकिंग शुल्क नहीं लगेगा, जिससे आपकी सालाना $156 की बचत होगी!
- सदस्यता शुरू होने से एक साल तक नए व्यक्तिगत फ़िक्स्ड टर्म और नॉन-रिडीमेबल निवेश पर विशेष निवेश दरें मिलेंगी ।
- बेहतरीन दरें और मंज़ूरी मिलने पर सदस्यता के पहले साल में लोन एप्लीकेशन फीस को माफ़ कर दिया जाएगा।
- सदस्यता शुरू होने से एक साल तक हमारी किसी भी ब्रांच पर एक मुफ्त सेफ्टी डिपॉज़िट बॉक्स।
- तकरीबन 48 तक व्यक्तिगत चैक।

Affinity ही क्यों?

जब आपकी ज़रूरतों के लिए एक वित्तीय संस्थान चुनने की बात आती है तो आपके पास विकल्पों की कमी नहीं है। तो Affinity को ही क्यों चुना जाए? Affinity आपसे और आपके समुदाय से जुड़ा है।
हमारा मुनाफा शेयरधारकों को नहीं जाता - इसे आपकी, आपके दोस्तों, परिवार और पड़ोसियों की मदद करने के लिए सीधे समुदाय में निवेश किया जाता है। Affinity अपने सदस्यों को एक घर खरीदने, कोई व्यापार शुरू करने, शिक्षा ग्रहण करने और हमारी अर्थव्यवस्था को मज़बूत बनाने में सहयोग करता है।

योग्यता

प्रमुख खाता धारक के लिए अनिवार्य:

- कनाडा का स्थायी या अस्थायी निवासी हो और वह 5 साल या कम समय से कनाडा में रह रहा हो (प्रमाण दिखाना होगा)।
- पिछले 18 महीने के अंदर Affinity की कोई सदस्यता नहीं ली हो।
- कम से कम 18 वर्ष के हों।
- Affinity Credit Union के साथ $5 का सदस्यता शेयर खरीदना होगा।

सदस्य बनें

प्रोग्राम के बारे में ज़्यादा जानकारी के लिए, अपना खाता खोलने के दस्तावेज़ों के लिए, या एक अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए हमारे संपर्क केन्द्र से 1.866.863.6237 पर संपर्क करें।

New to Canada प्रोग्राम पर पूरे विवरण के लिए affinitycu.ca पर जाएं, जिसमें महत्वपूर्ण नियम और शर्तें शामिल हैं।